# गोगाजी मुझे अपने दर बुलाले | By Muskan Shrivastava

गोगाजी गोगाजी मुझे अपने द्वार बुलाले
बरसो से आस लगी अपने दीदार करा दी
तू महाराजा मेडी का, मुझे अपना दास बनाले
गोगाजी गोगाजी मुझे अपने द्वार बुलाले

है धन्य धन्य वो माता गोगा को जन्म दिया है
जिसने सारी दुनिया का ही बेडा पार किया है
गोगाजी गोगाजी मेरी नैया पार लगा दे
गोगाजी गोगाजी मुझे अपने द्वार बुलाले

हे बाछल माँ के प्यारे करो दुखड़े दूर हमारे
ना जग में कोई हमारा हम बाबा तेरे सहारे
गोगाजी गोगाजी मेरी किस्मत को चमका दे
गोगाजी गोगाजी मुझे अपने द्वार बुलाले

तू भेजे बुलावा मुझको मैं दौड़ी दौड़ी आऊं
हे मेडी वाले बाबा दीवानी तेरी हो जाऊं
गोगाजी गोगाजी मेरे मन की कलियाँ खिला दे
गोगाजी गोगाजी मुझे अपने द्वार बुलाले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2/